# नगर परिषद सभापति रेखा भाटी को नकाबपोश बदमाशों ने धमकाया

## कार के आगे बाइक लगाकर देख लेने की धमकी दी, दो आरोपी गिरफ्तार

**पाली, (निसं)।** गत रात नगरपरिषद सभापति रेखा भाटी को दो नकाबपोश बदमाशों ने देख लेने की धमकी दी। रविवार रात हुए इस घटनाक्रम के बाद सभापति की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मामला रविवार रात करीब पौने नो बजे का है जब सभापति रेखा भाटी अपने पार्षद पति राकेश भाटी के साथ एक विवाह समारोह में शामिल होकर लौट रही थी। इस दौरान साइंस पार्क के निकट उनकी कार के आगे अपनी बाइक लगा दी। अचानक हुए इस घटनाक्रम से उन्हें अपनी कार को रोकना पड़ा, इसके बाद इन दोनों नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें कार से उतरने के लिए कहा। जब भाटी दम्पत्ति कार से नहीं उतरा तो इन बदमाशों ने उन्हें देख लेने की धमकी दी।



धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो जनों को गिरफ्तार किया।

**पहले से कर रहे थे पीछा :-** जिस वक्त ये घटनाक्रम हुआ उस वक्त मौके पर जब वाहन चालक रुककर एकत्र होने लगे और राकेश भाटी उतर कर जोर से चिल्लाए तो दोनों बदमाश वहां से फरार हो गए। इसके बाद भाटी की सूचना पर पुलिस वहां पहुंची। भाटी ने बताया कि इन बदमाशों ने पहले तो उनका पीछा किया और फिर साइंस पार्क के निकट मौका देखकर उनकी कार के आगे अपनी बाइक लगा दी जिससे उन्हें अपनी कार को रोकना पड़ा।

- **सभापति भाटी अपने पार्षद पति राकेश भाटी के साथ विवाह समारोह से लौट रही थी**

**कार से उतरने के लिए बनाया दबाव:-** पटेल छात्रावास में आयोजित एक विवाह समारोह से घर लौटने वक्त बदमाशों ने पहले तो उनकी कार का पीछा किया और फिर साइंस पार्क के निकट अंधेरा देखकर उन्हें कार से उतरने को कहा और देख लेने की धमकी दी घटनास्थल पर अंधेरा होने के कारण भाटी दम्पत्ति उनका चेहरा नहीं देख पाए।

वहीं दूसरी ओर सभापति रेखा भाटी को धमकी देने के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों राम-रहीम कॉलोनी निवासी 32 साल के असलम घोसी पुत्र सफी मोहम्मद और 24 साल के अतीश आचार्य पुत्र जसराज को शांतिभंग में गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में उन्होंने इस घटना के वक्त नशे में होने की बात कही है जबकि सभापति के पति पार्षद राकेश भाटी ने इन युवकों पर उनका पीछा करने और कार के आगे बाइक खड़ी कर उन्हें अपशब्द कहने का आरोप लगाया है।

# पाक जायरीन दल ने ख्वाजा साहब की मजार पर चादर पेश की

## पाकिस्तान से 240 जायरीन अजमेर ख्वाजा की नगरी में पहुंचे



ख्वाजा साहब की मजार पर चादर पेश करने जाते पाक जायरीन।

**अजमेर, (कासं)।** सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 811 वें उर्स में सोमवार को पाकिस्तानी जायरीन ने पाकिस्तान की ओर से ख्वाजा साहब की मजार पर चादर पेश की। इस दौरान एक सुकूनभरी तस्वीर भी सामने आई।

जानकारी के अनुसार पाकिस्तान से आए जायरीन जब सेंट्रल गर्ल्स स्कूल से दरगाह के लिए गाते बजाते जुलुस के रूप में रवाना हुए तो शानदार नजारा दिखा। एक पाक जायरीन ने एक और जहां हिंदुस्तान का तिरंगा पकड़ रखा था तो दूसरा जायरीन पाकिस्तान का झंडा लेकर चल रहा था। यह पाक जायरीन दरगाह के अंदर तक झंडे लेकर गए, जिसकी लोगों ने खूब तारीफ की। ग्रुप लीडर तारिक ने बताया कि पाकिस्तान से 240 जायरीन अजमेर ख्वाजा की नगरी में पहुंचे हैं। आज पाकिस्तान से आए जायरीन द्वारा चादर पेश की गई है। दरगाह की अंजुमन ओर दरगाह कमेटी ओर जिला प्रशासन का बेहतरीन सहयोग मिला है।

पाकिस्तान से आए 240 पाक जायरीन ने ग्रुप लीडर तारिक के नेतृत्व में ख्वाजा साहब को यह चादर पेश की। इस दौरान दोनों मुल्कों में अमन चैन और भाईचारे की दुआ भी की गई। पाक जायरीन की दरगाह में दस्तारबंदी भी की गई साथ ही उन्हें अजमेर का मशहूर सोहन हलवा भी दिया गया। इसके बाद सभी पाक जायरीन महफिल खाने में पहुंचे, जहां दरगाह कमेटी व पाक जायरीन द्वारा कलाम पेश किया गया। चादर पेश करने के लिए जब जायरीन रवाना हुए तो पुलिस भी पूरी तरह से मुस्तैद नजर आई। सैकड़ों की संख्या में पुलिसकर्मी पाक जायरीन को लेकर दरगाह पहुंचे।

पाकिस्तान से आए अब्बू शकूर ने कहा कि उन्हें अजमेर आकर ऐसा नहीं लगा कि वह किसी दूसरे मुल्क या दूसरे शहर में हैं, बल्कि उन्हें यहां अपनापन महशूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि यहां के पुलिस प्रशासन और स्थानीय लोगों ने उन्हें भरपूर सहयोग किया। इसके वह शुक्र गुजार हैं। यहां उन्होंने दोनों मुल्कों के लिए दुआ की साथ ही अपने साथियों के लिए भी दुआ की है।

# जे.ई.ई.-मेन 2023: विद्यार्थियों की समस्याएं खत्म होने का नाम नहीं ले रही

**कोटा, (निसं)।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन जनवरी सेशन में विद्यार्थियों की समस्याएं खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जारी किए गए शेड्युल के अनुसार अब सिर्फ दो दिन की परीक्षाएं शेष है, जबकि अभी भी सैकड़ों विद्यार्थी ऐसे हैं जो परीक्षा दिनांक और परीक्षा शहर की जानकारी के इंतजार में है। ये वे विद्यार्थी हैं, जिन्हें आवेदन प्रक्रिया के दौरान भरे गए चारों विकल्पों में से कोई परीक्षा शहर आवंटित नहीं हुआ। इसके अलावा कुछ विद्यार्थी हैं जिन्हें भरे गए विकल्पों में से परीक्षा शहर तो मिल गया लेकिन एडमिट कार्ड जारी नहीं हुए। परीक्षा का दिन आने तक ये विद्यार्थी एडमिट कार्ड के इंतजार में है।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि जेईई मेन जनवरी सेशन की चार दिनों में आठ शिफ्टों में परीक्षाएं संपन्न हो चुकी हैं। शेष 4 शिफ्टों की बीई-बीटेक की परीक्षा 31 जनवरी व 1 फरवरी को होनी है। अगले दो दिनों में करीब 2.70 लाख विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल होने का अनुमान है। ऐसे विद्यार्थी बड़े परेशान हैं, जिन्होंने अपने आवंटित परीक्षा शहरों से संतुष्ट नहीं होने पर एनटीए को उनके चुने हुए परीक्षा शहरों को आवंटित करने के लिए ई-मेल के माध्यम से आपत्ति दर्ज करवाई थी। इन विद्यार्थियों के अभी तक भी एडमिट कार्ड जारी नहीं होने से विद्यार्थियों में अब संशय की स्थिति है, कि मात्र जेईई-मेन के बचे हुए दो दिनों में परीक्षा देने के लिए उनके एडमिट कार्ड जारी भी होंगे या नहीं। कहीं उनका जनवरी जेईई-मेन सेशन परीक्षा छूट नहीं जाए और यदि जारी किए गए एडमिट कार्ड के अनुसार उन्हें परीक्षा शहर दूर मिलता है तो आने जाने की व्यवस्था इतने कम समय में कैसे होगी, इस कारण विद्यार्थियों का अपनी पढ़ाई को समय नहीं दे पा रहे हैं।

ऐसे में विद्यार्थियों द्वारा एनटीए को बार-बार ई-मेल के माध्यम सूचित किया जा रहा है, परन्तु जेईई-मेन एनटीए द्वारा इस संबंध में वेबसाइट पर कोई स्पष्टीकरण जारी नहीं किया गया है कि विद्यार्थियों की परीक्षा कब है और इसके लिए एडमिट कार्ड कब जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही बड़ी संख्या में बिहार बोर्ड के विद्यार्थी भी परेशान हैं कि उनकी पूर्व में जारी की गई 31 जनवरी व 1 फरवरी की परीक्षा तिथियों में बदलाव नहीं किया गया है।

# पूनम हत्याकाण्ड के आरोपी को उम्रकैद

**भीलवाडा, (निसं)।** विशिष्ट न्यायाधीश (महिला उत्पीड़न प्रकरण) ने शहर के निकटवर्ती हलेड गांव में हुए बहुचर्चित पूनम हत्याकांड मामले में आरोपी को आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया गया। अभियोजन पक्ष ने आरोपित पर लगे आरोप सिद्ध करने के लिए अदालत में 55 दस्तावेज पेश कर 21 गवाहों के बयान कलमबद्ध करवाये।

विशिष्ट लोक अभियोजक संजू बापना ने बताया कि हलेड निवासी शंकर लाल पुत्र बाबूलाल ने 3 अप्रैल 2019 को सदर थाना पुलिस को वारदातस्थल पर रिपोट दी कि वह अपने परिवार सहित हलेड में रहता है। 3 अप्रैल 2019 को करीब 12-1 बजे के बीच में परिवादी की बहिन पूनम (19) घर पर नहीं मिली। उसकी, परिवादी व परिजनों ने आसपास के गांव में तलाश की। इस बीच दोपहर में गांव के ही राकेश की लड़की शौच करने के लिए गांव के बाहर सुवाणा रोड पर साईड में खाली जगह में गयी। उसने आकर बताया कि एक महिला मरी हुई पड़ी है। इस पर परिवादी, उसका पिता आदि ने जाकर देखा तो पूनम की लाश पड़ी थी। उसका गला धारदार हथियार से कटा हुआ था। परिवादी ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया। रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच शुरु की।

पुलिस ने घटनास्थल से मृतका पूनम का मोबाईल हैण्डसेट व एक खून सना चश्मा, मृतका के हाथ की अंगुलिया में मिले बालों को जब्त किया। कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया। अभियोजन पक्ष ने आरोपित पर लगे आरोप सिद्ध करने के लिए अदालत में 55 दस्तावेज पेश कर 21 गवाहों के बयान कलमबद्ध करवाये।

# स्कूल बस बिजली के तारों में उलझी

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** चौमूं बाईपास के पास स्थित हाड़ोता के एनबी पैलेस के पास एक निजी स्कूल की बस बिजली के तारों में उलझ गई। बस में धमाका होने पर आसपास के लोग बाहर निकले तो टारगेट स्कूल की बस में बिजली का तार फंसा हुआ था। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग को सूचना देकर बिजली सप्लाई बन्द करवाई और स्कूल के बच्चों को बस से बाहर निकाला। वहीं बस के चालक की लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता था।

# एमजीएच के डॉक्टर से मारपीट, नगदी छीनी

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र में एक होटल के संचालक और स्टाफ ने महात्मा गांधी अस्पताल के मेडिकल ज्युरिस्ट डॉक्टर संदीप कुमार और अन्य साथ मारपीट की और जेब से 50 हजार रूपए छीन लिए। डॉक्टर ने राजीव गांधी नगर थाने में मामला दर्ज करवाया। घटना का कारण फिलहाल पुलिस नहीं बता पाई। जांच की जा रही है। राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि मूलतः सीकर के नीम का थाना हाल एमजीएच मेडिकल ज्यूरिट डॉक्टर संदीप कुमार देवात पुत्र रामस्वरूप जाट ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वे अपने दो तीन साथियों संग चौखा के समीप आई होटल फिलोस पर खाना खाने गए थे। जहां पर कुछ बोलचाल हुई थी। बाद में वे साथियों संग होटल के रास्ते पर खड़े थे। तब होटल संचालक वासुदेव, करणसिंह एवं स्टाफ आदि ने मिलकर मारपीट की।

# बारिश से किसानों के चेहरों पर खुशी की लहर



करौली मे बारिश के दौरान सुनसान पड़ा कलेक्ट्री सर्किल।

**करौली, (निसं)।** करौली जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गत 2 दिन से मौसम ने अचानक पलटा खाया है और आकाशीय गर्जना के साथ तेज हवाओं के बीच रिमझिम बारिश से मौसम सुहावना हो गया। वहीं किसानों के चेहरों पर खुशी की लहर देखी जा रही है। गत दिनों रविवार की रात्रि से मौसम ने अचानक पलटा खाया और तेज अंधड के साथ आकाशीय गर्जना के बीच रिमझिम बारिश के साथ कई स्थानों पर ओले पड़ने से मौसम में ठंडक दिखाई दी। सोमवार को प्रातः से ही रुक-रुक कर रिमझिम बारिश होती रही। बाजारों में लोगों की आवाजाही नगन्य देखी गई। जहां आम दिनों में बाजार प्रातः आठ खुल जाते थे वहां बाजार 12 बजे तक नहीं खुल पाए। तेज हवाओं के चलने और रिमझिम बारिश के चलते रात्रि से ही जिला मुख्यालय पर विद्युत आपूर्ति ठप हो गई जो सोमवार को दोपहर 12 बजे जाकर बहाल हो पाई।

# अंधड़ से टीनशेड उड़े

**चाकसू, (निसं)।** जनवरी का माह जाते-जाते उपखण्ड में जबरदस्त तबाई मचा गया। यहां दो दिन से हो रही बेमौसम बारिश से यकायक ठंड बढ़ गयी, लेकिन वर्षा के साथ पड़े ओलों से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। यहां दरगाह कॉलोनी में देर रात्रि को तेज अंधड़ से कच्चे घरों पर रखे टीनशेड उड़ गए। जिससे घर में सो रही आलम खान की 5 साल की बेटी कशिश की टीन से अंगूली कट गई और गम्भीर घायल हो गयी, जिसे जयपुर रैफर किया गया है। वहीं दूसरी ओर हवा, वर्षा व अंधड़ से खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान हुआ है जिससे किसानों के चेहरों पर निराशा हाथ लगी है। तेज अंधड़ से यहां के लोगों को बिजली व पानी की समस्याओं से गुजरना पड़ा। बिजली के तार टूटने से कई मोहल्लों में बिजली गुल रही।

# उत्कर्ष क्लासेस में मनोवैज्ञानिक परामर्श विभाग की स्थापना

## इस विभाग में मनोविज्ञान के जाने-माने विशेषज्ञ विद्यार्थियों की काउंसलिंग करेंगे

**जोधपुर, (कासं)।** विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का छात्रों मे उत्पन्न तनाव को दूर करने के लिए अब उत्कर्ष क्लासेस की ओर से मनोवैज्ञानिक परामर्श विभाग की स्थापना की गई है। इस विभाग में मनोविज्ञान के जाने-माने विशेषज्ञ विद्यार्थियों की काउंसलिंग करेंगे। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. ए.के.मलिक, उत्कर्ष मनोवैज्ञानिक परामर्श विभाग के अध्यक्ष होंगे। वहीं उत्कर्ष के ट्रेनिंग एंड डवलपमेंट विभाग के प्रभारी दीपक बिस्सा एवं मनोविज्ञान विशेषज्ञ डॉ. हेमलता पंचारिया परामर्श विभाग के सदस्य होंगे।




उत्कर्ष क्लासेज जोधपुर में मनोवैज्ञानिक परामर्श विभाग स्थापित किया।

उत्कर्ष क्लासेज के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. निर्मल गहलोत ने बताया कि कई बार माता-पिता की बच्चों से अत्यधिक अपेक्षाओं और सपनों को पूरा करने की चिंता विद्यार्थियों में मानसिक अवसाद का कारण बन जाती है। इससे परीक्षा की सुनियोजित तरीके से तैयारी करने के बजाय उनमें नकारात्मक अभिवृत्तियां विकसित होती है जो कभी-कभी उन्हें घातक कदम उठाने को मजबूर करती हैं। विद्यार्थी अवसाद में न आकर बेहतर ढंग से अपने लक्ष्य को साध सकें इसी उद्देश्य से संस्थान की ओर से मनोवैज्ञानिक परामर्श विभाग की शुरुआत की गई है। इस विभाग के विशेषज्ञों की टीम समय-समय पर विद्यार्थियों की काउंसलिंग करेंगी।

उत्कर्ष मनोवैज्ञानिक परामर्श विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ.ए.के. मलिक ने बताया कि विभाग की ओर से समय-समय पर विभिन्न कार्यशालाओं एवं काउंसिलंग सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रहकर परीक्षा की तैयारी के गुर सिखाए जाएंगे। इस दौरान विभिन्न मनोवैज्ञानिक परीक्षणों के माध्यमों से भी विद्यार्थियों की मनःस्थिति को समझते हुए उन्हें स्ट्रेस फ्री होकर परीक्षा देने के लिए तैयार किया जाएगा। हालांकि उत्कर्ष क्लासेज के नीट एवं जेईई केंद्र पर पहले से प्रायोगिक रूप से मनोविज्ञान विशेषज्ञों की टीम यह कार्य करती आई है। जिसके सकारात्मक परिणाम भी विद्यार्थियों को प्राप्त हुए हैं।

प्रदेश के कोटा में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले कई विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या जैसे घातक कदम उठाने के बाद यह मामला राज्य की विधानसभा में भी उठ चुका है। सरकार की ओर से भी शिक्षण संस्थानों को इस प्रकार की सलाह दी जाती रही है कि विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रखने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं। उत्कर्ष क्लासेस ने अपनी ओर से यह सकारात्मक पहल करते हुए मनोविज्ञान परामर्श विभाग की स्थापना की है।

# पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष नीटू फोगाट पर हमला

## बदमाशों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी दी

**झुंझुनूं, (निसं)।** एनएमटी महिला कॉलेज की पूर्व में छात्रसंघ अध्यक्ष नीटू फोगाट के घर पर हमला होने का मामला सामने आया है। बगड थाना के गांव कासिमपुरा निवासी नीटू फोगाट ने बताया कि रविवार शाम को उनके घर में कुछ बदमाशों ने घुसकर तोडफोड की और जान से मारने की धमकी दी हैं।

जानकारी के मुताबिक कासिमपुरा निवासी पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष नीटू फोगाट ने आरोपियों के खिलाफ बगड थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। नीटू फोगाट ने बताया कि गांव के विजय, अजय, उर्मिला, रणवीर, सत्यपाल समेत अन्य लोगों ने दोपहर में उनके परिवार को जान से मारने और लूटपाट करने की धमकी दी। इसके बाद शाम सात बजे एक ब्लेक कलर की गाडी में सवार होकर आए जिसमें विद्याधर, विजय, अजय, सत्यपाल, शीशराम एवं उर्मिला थे। उसके तुरंत बाद एक एंबुलेंस में करीब 2०-25 बदमाश सवार होकर आए और बाहर गाली गलौज करने लगे।

उसने बताया कि बाहर आकर देखा तो कुछ बदमाश हाथ में सरिए और लट्ठ लिए खडे थे। फिर वे सभी जबरन घर में घुसकर तोडफोड करने लगे। उन्होंने बताया कि फिर वह और उनकी मां विनोद देवी ने रात के अंधेरे में भागकर जान बचाई। जबकि पिता बनवारीलाल को फिर बदमाश गाडी में डालकर ले गए। इसके साथ मोटरसाइकिल व एक साईकिल भी तोडकर चले गए।

- **पुलिस ने मामला दर्ज होने के बाद छानबीन की कार्रवाई शुरू कर दी**

इधर फोगाट ने आरोप लगाया है कि इस बीच जब वह घर आकर देखा तो तोडफोड के साथ 1 लाख 12 हजार नगदी एवं कुछ जेवरात भी गायब मिले। उन्होंने बताया कि बदमाशों ने दुबारा आकर जान से मारने की धमकी भी दी है। घटना के बाद बगड पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। थानाधिकारी श्रवण कुमार ने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने छानबीन की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जन भावनाओं से किया खिलवाड़

**हलैना, (निस)।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित टोल प्लाजा टोल वसूल करने वाली कंपनी के कर्मचारियों ने आज एक क्रूरतम व जन भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। थानाधिकारी हलैना ने कंपनी प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है। शनिवार की सुबह करीब 9 बाणगंगा पुल के पास एक गाय की वाहन की टक्कर से मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाय का शरीर क्षत-विक्षत हो गया। कंपनी प्रशासन के कर्मचारियों ने मृत गाय को हाइड्रा में लटका कर करीब 4 किलोमीटर दूर ले जाकर मृत गाय को गड्ढा खोदकर गाढ़ा। मामले की तत्काल हलैना थाना अधिकारी को सूचना दी जिस पर थानाधिकारी योगेंद्र सिंह ने कंपनी प्रशासन को सूचित किया तथा कंपनी प्रशासन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। क्षेत्र के लोगों ने जिला पुलिस अधीक्षक को भी मामले की जरिए दूरभाष के जानकारी दी है। झालाटाला निवासी कमल सिंह गुर्जर का कहना है कि गाय की दुर्दशा है लेकिन इतनी निर्दयता भी नहीं होनी चाहिए जिससे आमजन की भावनाएं आहत हो। प्रशासन को कंपनी प्रशासन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

इसी तरह किसान नेता इंदल सिंह व भाजपा ग्रामीण मंडल वैर अध्यक्ष गजेंद्र सिंह टंटा का कहना है की कंपनी प्रशासन ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दी हैं। कंपनी प्रशासन के खिलाफ प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

# जे.एल.एन. अस्पताल में सिद्धार्थ सिटी स्केन सेवायें बंद, आमजन परेशान

## अस्पताल में अनुबंध पर लगी सिद्धार्थ सिटी स्केन एण्ड ईमेजिंग सेंटर जयपुर द्वारा पीपीपी मोड पर साल 2016 में स्थापित की थी

**अजमेर, (कासं)।** जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में अनुबंध पर लगी सिद्धार्थ सिटी स्केन एण्ड ईमेजिग सेंटर जयपुर द्वारा पीपीपी मोड पर साल 2016 में स्थापित की थी जो लगातार सेवायें दे रहे थे लेकिन कुछ समय से जवाहर लाल नेहरू अस्पताल प्रशासन व सिद्धार्थ के बीच चले रहे वित्तीय विवाद के बाद अब सिद्धार्थ स्केन ने अपनी सेवायें बंद करने का निर्णय ले लिया है। वहीं अधीक्षक नीरज गुप्ता का कहना है कि बिजली के बिलों में आ रहे अंतर को सही करवाने के लिये टाटा पावर को पत्र लिखा है, उनसे राय ली जायेगी। जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में सिद्धार्थ सिटी स्केन मशीन बंद होने से शहरवासियों को दो गुने दामों पर अब बाहर जाकर सिटी स्केन या एमआरआई करवानी पड़ेगी।

सिद्धार्थ स्केन के डॉ. सतीश जैन ने बताया कि जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय, अजमेर में स्थित एम.आर.आई मशीन जो की सिद्धार्थ सिटी स्केन एण्ड ईमेजिग सेन्टर, जयपुर द्वारा पी.पी.पी.मोड पर वर्ष 2016 में स्थापित कर जनहित में निरन्तर सेवाए दी जा रही है। एम.आर.आई. जांच एक अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं जीवन रक्षक जांच है। एम.आर.आई. जांच सुविधा मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की जनता को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाए देने की महत्वकांक्षी योजना का अहम हिस्सा है। जैन ने बताया कि जे.एल.एन अस्पताल द्वारा हमारी संस्था द्वारा की गई एम.आर.आई जांचों का वर्ष 2016 से लेकर जनवरी 2023 तक का रेवेन्यू शेयर हिस्सा हटाने के बाद राशि 96,61,500 रू. (राउड ऑफ) का भुगतान दिया जाना बाकी है। जिसके संदर्भ में हमारी संस्था ने अनेको बार जरिये पत्र सक्षम कार्यालय को लिखा है, लेकिन जे.एल.एन अस्पताल का विधुत उपभोग का बिल संबन्धित विधुत विभाग द्वारा 20 के गुंणाक एवं 8.05 रूपये प्रति यूनिट दर से गणना कर विधुत विभाग को दिया जा रहा है वही सब मीटर के जरिये जे.एल.एन अस्पताल द्वारा हमारी संस्था से 30 एवं 40 के गुणांक तथा 10 रूपये प्रति युनिट दर से गणना कर विधुत राशि वसुली की जा रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कार्यालय द्वारा भी विधुत बिल की सही गणना करने के लिये जे.एल.एन अस्पताल को लिखा जा चुका है, लेकिन जे.एल.एन अस्पताल द्वारा माह दिसम्बर 2022 तक का एम.आर.आई विधुत उपभोग का बकाया गलत तरीके से गणना कर 7791220 रूपये निकाला जा रहा है जो कि 30/40 के गुणांक एंव 10 रूपये प्रति युनिट से गणना किया गया है। इस विधुत बिल को 20 के गुंणाक एवं 8.30 रूपये प्रति युनिट से गणना करने के पर महज 1771490 रूपये बकाया रहता है। हमारी संस्था द्वारा बार-बार विधुत उपभोग की बकाया राशि को हमारे देयकों के भुगतान से समायोजित कर शेष भुगतान करने हेतु जरिये पत्र लिखा जा चुका है। परन्तु जिस पर कोई कार्यवाही नही हुई है।



सिद्धार्थ संस्था के डॉ. सतीश जैन ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया।

- **अस्पताल प्रशासन व सिद्धार्थ के बीच चल रहे वित्तीय विवाद के बाद सिद्धार्थ स्केन ने सेवायें बंद करने का निर्णय लिया**

संस्था सिद्धार्थ सिटी स्केन एण्ड ईमेजिग सेन्टर ,जयपुर की और से प्रेस वार्ता में बताया कि हमारे अथक प्रयासो, लगातार पत्राचार के जरिये जे.एल.एन अस्पताल को एम.आर.आई जांचों के भुगतान की तरफ ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया तथा बिना भुगतान की स्थिति में सेवाओं को सुचारू नहीं रख सकते है। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में जे.एल.एन अस्पताल प्रशासन ने कोई संज्ञान नही लिया तथा संस्था को कोई भुगतान नही किया गया।

इस संबंध में अस्पताल अधक्षीक डॉ. नीरज गुप्ता का कहना है कि सिद्धार्थ वालों का काफी समय से बिजली के बिलों का भुगतान नहीं किया जा रहा, फिर भी टाटा पावर को पत्र लिखा है और बिजली के बिलों के गुणांक के बारे में राय ली जा रही है।